भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1193
(16 दिसम्बर, 2013 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के माध्यम से सृजित परिसंपत्तियां

1193. श्री पुरूषोत्तम खोडाभाई रूपालाः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार ने राज्य सरकारों के परामर्श से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अन्तर्गत किए गए कार्यों द्वारा सृजित परिसंपत्तियों के बारे में सभी राज्यों में कोई विस्तृत अध्ययन कराया है, क्योंकि सरकार वर्तमान में अपने इस प्रमुख कार्यक्रम पर काफी धनराशि व्यय कर रही है, अतः इस योजना के द्वारा निर्मित की जा रही परिसंपत्तियां भी समाज के लिए उपयोगी होनी चाहिए और यदि हां, तो राज्य–वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रदीप जैन 'आदित्य')

जी, हां। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के कार्यान्वयन पर अध्ययन और सर्वेक्षण करने के कार्य में भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलूरू, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी), राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) और अन्य पेशेवर संस्थाओं को तैनात किया था। मनरेगा कार्यों के प्रभाव से संबंधित ऐसे अध्ययनों के कुछ मुख्य निष्कर्ष इस प्रकार हैं:

i. मृदा क्षरण में कमी और मृदा कार्बनिक तत्वों में वृद्धि
ii. भूजल स्तर, कृषि उत्पादकता और फसलों की पैदावार में वृद्धि
iii. जल वंचनीयता सूचकांक, कृषि वंचनीयता, आजीविका वंचनीयता सूचकांक में गिरावट
iv. पर्यावरण अनुकूल कार्यों का सृजन
v. कृषि मजदूरी में बढ़ोतरी तथा ग्रामीण गरीबों की बढ़ी हुई मोल-तोल की शक्ति ।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मनरेगा के प्रारंभ होने से लेकर अब तक शुरू किए गए तथा पूर्ण किए गए कुल कार्य जिनसे परिसंपत्तियों का सृजन हुआ, **अनुबंध** में दिए गए हैं।

राज्य सभा में दिनांक 16.12.2013 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1193 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

प्रारंभ से 13/11/2013 तक किए गए कार्यों की स्थिति

(संख्या)

सं.	राज्य	शुरू किए गए कार्यों की संख्या	पूरे किए गए कार्यों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	9379953	3839789
2	अरूणाचल प्रदेश	4207	192
3	असम	140366	79773
4	बिहार	568339	291022
5	छत्तीसगढ़	546996	441713
6	गोवा	2081	1145
7	गुजरात	335163	260439
8	हरियाणा	63647	47718
9	हिमाचल प्रदेश	250306	192630
10	जम्मू व कश्मीर	219027	110554
11	झारखंड	471116	344274
12	कर्नाटक	1315552	796861
13	केरल	492624	353212
14	मध्य प्रदेश	1812899	1272913
15	महाराष्ट्र	546422	190974
16	मणिपुर	24763	12490
17	मेघालय	43645	26482
18	मिजोरम	22993	14518
19	नागालैंड	38220	28413
20	ओडिशा	480829	316543
21	पंजाब	47695	31678
22	राजस्थान	750613	474062
23	सिक्किम	9527	5767
24	तमिलनाड़ु	325963	224643
25	त्रिपुरा	374762	312447
26	उत्तर प्रदेश	3253517	2319499
27	उत्तराखंड	143207	102340
28	प. बंगाल	1132230	901285
29	अंडमान व निकोबार	1697	1014
30	चंडीगढ़	NR	NR
31	दादर व नगर हवेली	3	1
32	दमन व दीव	NR	NR
33	लक्षद्वीप	177	64
34	पुदुचेरी	2474	764
	कुल	**22801013**	**12995219**

NR= असूचित